कार्यालय अधिष्ठाता, छात्र कल्याण
उ0प्र0 पं0 दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय
एवं गौ- अनुसंधान संस्थान, मथुरा- 281001

पत्र संख्या:- 1541 /अधि0 छा0 क0/2021-22

दिनांक: 01 सितम्बर, 2021

//आवश्यक सूचना//

विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि शैक्षिक सत्र 2021-22 में राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु समाज कल्याण, लखनऊ, उ0प्र0 द्वारा निर्धारित वेबसाइट http://scholarship.up.gov.in पर दिनांक 21 अक्टूबर, 2021 तक छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। विद्यार्थी आवेदन पत्र की हार्डकापी वांछित अभिलेखों के साथ दिनांक 22 अक्टूबर, 2021 तक पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र/छात्रा अपने कक्षा अध्यापक, जैवप्रौधोगिकी महाविद्यालय में अध्ययनरत् छात्र/छात्रा अपने अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् छात्र/छात्रा अपने आचार्य एवं विभागाध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी एवं पैरावेटरिनरी साइंस संस्थान में अध्ययनरत् छात्र/छात्रा अपने निदेशक के पास पूर्वान्ह 10:00 से अपरान्ह 04:00 बजे तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

विस्तृत विवरण छात्रवृत्ति वेबसाइट http://scholarship.up.gov.in पर उपलब्ध है एवं अन्य किसी प्रकार की सहायता हेतु अधिष्ठाता, छात्र कल्याण कार्यालय में कार्यालय समय पर सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

पृष्ठांकन एवं दिनांकः- उक्तवत।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति महोदय को मा0 कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव।
3. अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा संकाय/जैवप्रौधोगिकी महाविद्यालय/स्नातकोत्तर शिक्षा/निदेशक, पैरावेटरिनरी साइंस संस्थान को इस आशय के साथ प्रेषित है कि दिनांक 22 अक्टूबर, 2021 की अपरान्ह 04:00 बजे तक प्राप्त समस्त आवेदन पत्रों का परीक्षण कर अवश्यमेव अधिष्ठाता, छात्र कल्याण कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. समस्त आचार्य एवं विभागाध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी द्वारा अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर शिक्षा को इस आशय के साथ प्रेषित है कि दिनांक 22 अक्टूबर, 2021 की अपरान्ह 04:00 बजे तक प्राप्त समस्त आवेदन पत्रों का परीक्षण कर अवश्यमेव अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर शिक्षा को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
5. समस्त कक्षा अध्यापक, पशुचिकित्सा संकाय द्वारा अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा संकाय को इस आशय के साथ प्रेषित है कि दिनांक 22 अक्टूबर, 2021 की अपरान्ह 04:00 बजे तक प्राप्त समस्त आवेदन पत्रों का परीक्षण कर अवश्यमेव अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा संकाय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
6. समस्त छात्रावास अधीक्षक/अधीक्षिका को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उपरोक्त सूचना से छात्रावास में आवासित छात्र/छात्राओं को अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें।
7. प्रभारी, मेरिस सैल को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उपरोक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट http://upvetuniv.edu.in पर अपलोड करने का कष्ट करें, जिससे विश्वविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्रा इस सूचना से अवगत हो सकें।
8. नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

अधिष्ठाता, छात्र कल्याण